[x] गुणने की कुंजी (Multiplication key)

[÷] विभाजन की कुंजी (Division key)

[=] सम की कुंजी जो परिणाम दिखाती है (Equals key to display the result)

- **प्रकार्यात्मक कुंजियाँ (Function keys)**

[π] Pi कुंजी (Pi key)

[$\sqrt{x}$] वर्गमूल कुंजी(Square root key)

[%] प्रतिशत कुंजी (Percentage key)

[+/-] चिह्न परिवर्तन कुंजी (sign change key)

[x^2] वर्ग कुंजी (square key)

[$\frac{1}{x}$] पारस्परिक कुंजी (Reciprocal key)

- **अनुस्मरण कुंजियाँ (Memory keys)**

[M] [STO] प्रदर्शित संख्या को संचित करें

[M+] प्रदर्शित मान अनुस्मरण में जोड़ा गया

[M-] प्रदर्शित मान अनुस्मरण से घटाया गया

[MR] [RCL] संचित मान को प्रदर्शन पर पुनः स्मरण किया गया

वैज्ञानिक काल्यूलैटर में अन्य जिन प्रकार्यात्मक कुंजियों को स्थान दिया गया है वह Fig 2 में दर्शायी गई हैं ।

Copyright Free Under CC BY Licence

Fig 2



SCIENTIFIC CALCULATOR

Sin Cos Tan ( ) त्रिकोणमिति प्रकार्यों एवं प्रकोष्ठों के लिए

Exp प्रतिपादक कुंजी (Exponent key)

INV कुछ कुंजियों के नीचे या ऊपर रंगीन वर्णों में लिखा रहता है । रंगीन वर्ण के प्रकार्य का उपयोग करने के लिए INV कुंजी को दबाएँ । पटल पर INV दिखाई देगा । फिर उस कुंजी को दबाए जो रंगीन वर्ण से चलती है । INV पटल से हट जाएगा ।

log , INV 10^x प्रदर्शित संख्या का लागरिदम और प्रदिर्शित मान का एन्टिलोगरिदम प्राप्त करने के लिए

INV R–P वर्गाकार निर्देशांकों को ध्रुवीय निर्देशांकों (polar coordinates) में बदलने के लिए

INV P–R प्रदर्शित ध्रुवीय निर्देशांकों (polar coordinates) को वर्गाकार निर्देशांकों में बदलने के लिए

- **प्रदर्शन (The display)**

प्रदर्शन हमें इनपुट डाटा, अन्तरिम परिणाम और गणना के हल दिखाता है ।

एक बनावट के काल्क्यूलैटर के क्षेत्रों की व्यवस्था दूसरे प्रकार की बनावट से भिन्न हो सकती है । कुंजियों के द्वारा आँकड़ों की प्रविष्ठियाँ उनके लिखे गए अनुक्रम से एक अन्तर्राष्ट्रीय समझौते के अनुसार दस कुंजियों के माध्यम से की जाती है ।

नियम एवं उदाहरण :

- **जोड़ :** उदाहरण 18.2 + 5.7

क्रम	प्रविष्ठ	प्रदर्शन
प्रश्न के (पहले) पद की प्रविष्ठ	1 8 . 2	18.2
कुंजी + को दबाएँ	+	18.2
प्रश्न के दूसरे पद की प्रविष्ठ पहला पद रजिस्टर में चला जायेगा	5 . 7	5.7
= कुंजी के दबाएँ	=	23.9

- **बाद करना :** उदाहरण 128.8 — 92.9

अनुक्रम	प्रविष्ठ	प्रदर्शन
जिस संख्या से घटाना है उसकी प्रविष्ठि करें	1 2 8 . 8	18.2
— कुंजी दबाएँ	—	128.8
बाद होनेवाली संख्या की प्रविष्ठ करें	9 2 . 9	92.9
= की कुंजी दबाएँ	=	35.9

- **गुणना :** उदाहरण 0.47 x 2.47

अनुक्रम	प्रविष्ठ	प्रदर्शन
गुणी जानेवाली संख्या की प्रविष्ठ करें	. 4 7	0.47
x कुंजी दबायें	x	0.47
गुणनेवाली संख्या की प्रविष्ठ करें यह रजिस्टर में चला जाएगा	2 . 4 7	2.47
= कुंजी दबाएँ	=	1.1609

- **भागना :** उदाहरण 18.5/2.5

अनुक्रम	प्रविष्ठि	प्रदर्शन
जिसको भागना है उस संख्या की प्रविष्ठि करें	1 8 . 5	18.5
÷ कुंजी दबाएँ	÷	18.5
भागी जानेवाली संख्या की प्रविष्ठि करें यह रजिस्टर में चला जायेगा	2 . 5	2.5
= कुंजी दबाएँ	=	7.4

- **गुणना और भागना :**
  उदाहरण : 2.5x7.2/4.8 x 1.25

Copyright Free Under CC BY Licence

अनुक्रम	प्रविष्ठि	प्रदर्शन
2.5 को प्रविष्ठ करें	2 . 5	2.5
x कुंजी दबायें	x	2.5
7.2 को प्रविष्ठ करें	7 .	7.2
÷ कुंजी दबायें	÷	1.8
4.8 को प्रविष्ठ करें	4 .. 8	4.8
÷ कुंजी दबायें	÷	3.75
स्मरण रहें : विभाजित करनेवाली रेखा के नीचे की संख्या की प्रविष्ठि के पहले + कुंजी को प्रतिचालित करना चाहिए ।	1 . 2 5	1.25
1.25 प्रविष्ठ करें	=	3.0
= कुंजी दबाएँ		

- मेमेरी में संचित करना : उदाहरण (2+6) (4+3)

अनुक्रम	प्रविष्ठि	प्रदर्शन
पहले प्रकोष्ठ की गणना करें	2	2
	+	2
	6	6
	=	8
पहले परिणाम को	STO , M	8
x	or M+	
में संचित करें	4	4
दूसरे प्रकोष्ठ की गणना करें	+	4
	3	3
	=	7
x कुंजी दबायें	x	7
मेमेरी का पुनः स्मरण करें	RCL या MR	8
	=	
= कुंजी दबायें	=	56

- **प्रतिशत :** उदाहरण के लिए 1500 का 12%

अनुक्रम	प्रविष्ठि	प्रदर्शन
1500 को प्रविष्ठि करें	1 5 0 0	1500
x कुंजी दबायें	x	1500
12 को प्रविष्ठ करें	1 2	12
INV % को दबायें	INV %	12
= कुंजी दबायें	=	180

- **वर्गमूल :** उदाहरण + (x)

अनुक्रम	प्रविष्ठि	प्रदर्शन
2 प्रविष्ठि करें	2	2
$\sqrt{a}$ कुंजी दबायें	$\sqrt{a}$	2
+ कुंजी दबायें	+	.
प्रकोष्ठ कुंजी दबायें	(	.
3 की प्रविष्ठि करें	3	3
$\sqrt{a}$ कुंजी दबायें	$\sqrt{a}$	.
x कुंजी दबायें	x	.
5 की प्रविष्ठि करें	5	5
$\sqrt{a}$ कुंजी दबायें	$\sqrt{a}$	.
प्रकोष्ठ दबायें बंद कुंजी करें	)	.
= कुंजी दबायें	=	5.2871969
2 $\sqrt{}$ + (3 $\sqrt{}$ x 5 $\sqrt{}$) =		5.2871969

- **साँझा लोगरिदम :** उदाहरण log 1.23

अनुक्रम	प्रविष्ठि	प्रदर्शन
1 . 2 3 log	=	0.0899051

- **वर्ग संख्या :** उदाहरण $123 + 30^2$

अनुक्रम	प्रविष्ठि	प्रदर्शन
1 2 3 + 3 0 INV X^2	=	1023

Copyright Free Under CC BY Licence

- गणना आरंभ करने से पहले 'ON' कुंजी को जरूर दबायें और यह सुनिश्चित कर लें कि प्रदर्शन में '0' दिख रहा है ।
- काल्क्यूलैटर के आन्तरिक भाग को न छूएँ । ज़ोरों की थपथपाहट और कुंजियों पर अनावश्यक सख्त दबाव से बचें ।
- काल्क्यूलैटर को 0° और 40° C के तापमन के बीच रखें और उसका प्रयोग करें ।
- शराब, थीनर, बेन्जाइन जैसे प्रवाहियों से उपकरण को साफ न करें ।
- विशेष सावधानी बरतें कि उपकरण कहीं मुडकर या गिरकर खराब न हो जाए ।
- काल्क्यूलैटर को अपनी कमर की जेबे में न रखें ।

Copyright Free Under CC BY Licence

1 काल्क्यूलैटर का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित को हल करें

a 625 + 3467 + 20 + 341 + 6278 = _____

b 367.4 + 805 + 0.7 + 7.86 + 13.49 = _____

c 0.043 + 1.065 + 13.0 + 34.76 + 42.1 = _____

d 47160 + 1368.4 + 0.1 + 1.6901 + 134.267 = _____

2 काल्क्यूलैटर का प्रयोग करते हुए निम्नलिखिते को सरल बनायें :

a 24367 — 4385 = _____

b 9.643 — 0.7983 = _____

c 4382.01 — 381.3401 = _____

d 693.42 — 0.0254 = _____

3 काल्क्यूलैटर का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित के मान ज्ञात करें :

a 23 x 87 = _____

b 1376 x 0.81 = _____

c 678 x 243 = _____

d 0.75 x 0.24 = _____

4 काल्क्यूलैटर का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित को हल करें :

a 22434 ÷ 3 = _____

b 4131 ÷ 243 = _____

c 469890 ÷ 230 = _____

d 3.026 ÷ 0.89 = _____

5 निम्नलिखित को हल करें :

a $\frac{1170\ X\ 537\ .5}{13\ X\ 215}$ = _____

b $\frac{28\ .2\ X\ 18\ X\ 3500}{1000\ X\ 3\ X\ 0.8}$ = _____

6 निम्नलिखित को हल करें :

a $\frac{(634\ +128\ )\ X\ (384\ -\ 0.52\ )}{8\ X\ 0.3}$ = _____

b $\frac{(389\ -\ 12\ .2)\ X\ (842\ -\ 0.05\ -\ 2.6)}{(3\ .89\ -\ 0.021\ )\ X\ (28\ .1\ +\ 17\ .04\ )}$ = _____

7



a = 450 mm

b = 250 mm

दीर्घवृत्त की परिधि

c = _____metre

संकेत C =

$$C = \frac{(a\ +\ b}{2}$$

8



ø = 782 mm

a = 136°

भाग का क्षेत्रफल

A = _____

संकेत $A = \frac{\pi X d^2}{4} X \frac{\alpha}{360^0}$

9



a = 1.25 metre

V = _____ dm^3

संकेत $V = \frac{4}{3}\pi r^3$

10



L = 12 metre

B = 0.6 metre

H = 0.5 metre

'r' of steel

= 7.85 kg/$dm^{3'}$

m = _____ kg

(mass 'm = V x r)

Copyright Free Under CC BY Licence

3. वर्गमूल (Square Root)

a मूल संख्या (basic number)

2 प्रतिपादक (exponent)

$\sqrt{}$ अर्ध व्यास चिह्न (radial sign) जो वर्गमूल को सूचित करती है ।

गुणे हुए 'a' का वर्गमूल $\sqrt{a^2}$ - वर्गमूल a^2 "रेडिकैन्ड"

वर्ग संख्या (Square number)

किसी संख्या को जब उसी संख्या से गुणा जाता है तो उसे वर्ग कहते हैं ।

मूल संख्या x मूल संख्या =वर्ग संख्या

$a \times a = a^2$

$4 \times 4 = 4^2 = 16$

Fig 1



विपाटन करना (Splitting up)

एक वर्ग का उपक्षेत्रों फलों भागों में विपाटन किया (बाँटा) जा सकता है । 36 का सबसे बड़ा वर्ग 16 एक बेढ़े वर्ग से बना होता है, एक छोटे वर्ग 4 और दो आयताकारों से बना होता है ।

बड़ा वर्ग	$4 \times 4 = 16$	a^2
दो आयताकार	$2 \times 4 \times 2 = 16$	$2ab$
छोटा वर्ग	$2 \times 2 = 4$	b^2

उपक्षेत्रफलों का योग $= 36 = a^2 + 2ab + b^2$

$$\sqrt{36} = \sqrt{a^2 + 2ab + b^2}$$

Fig 2



परिणाम : वर्गमूल निकालने के लिए हम वर्ग संख्याओं को बाँटते हैं ।

वर्गमूल निकालने की प्रक्रिया

- दो आँकड़ों के समूह के दशमलव की दाई ओर से बायीं ओर आरंभ करते हुए । एक अविभाज्य चिह्न से दर्शाते हुए $\sqrt{46,24.00}$
- पहले समूह का मूल ज्ञात करें, अन्तर की गणना करें और दूसरे समूह को नीचे लाएँ ।
- मूल को 2 से गुणें और आंशिक "रेडिकैन्ड"को भागें ।
- इस प्रकार गणना की हुई संख्या को गुणने के लिए विभाजक में प्रविष्ठ करायें ।

Fig 3



यदि कोई आँकड़ा बाकी बचता है तो प्रक्रिया को दोहरायें ।

$$\begin{array}{r} 68 \\ 6\overline{)46,24} \\ 36 \\ \hline 128\overline{)1024} \\ 1024 \\ \hline 0 \end{array}$$

$\sqrt{46,24} = 68$

मूलभूत संख्या x मूलभूत संख्या = वर्ग

$\sqrt{}$ वर्गमूल = मूलभूत संख्या

उदाहरण

एक रिविट की अनुप्रस्थ काट $3.46\ cm^2$ है । छिद्र के व्यास की गणना करें ।

Fig 4



Copyright Free Under CC BY Licence

रिविट का अनुप्रस्थ छिद्र का अनुप्रस्थ है ।

d_1 को ज्ञात करने के लिए,

दिया गया है क्षेत्रफल है – 3.46 cm^2

क्षेत्रफल = 0.785 x d_1^2 (सूत्र)

3.46 cm^2 = d_1^2 x 0.785

$$d_1^2 = \sqrt{\frac{3.46}{0.785}\,cm^2}$$

$$d_1^2 = \sqrt{\frac{3.46}{0.785}}\ cm$$

$d_1 = 21mm.$

प्रश्न (ASSIGNMENT)

वर्गमूल

1 a $\sqrt{2916}$ = _____.

b $\sqrt{45796}$ = _____.

c $\sqrt{8.2944}$ = _____.

d $\sqrt{63.845}$ = _____.

2



A = 2025 mm^2

a = _____mm

3



A = 176.715 mm^2

d = _____mm

4



A = 65031 mm^2

d = 140 mm

D = _____mm

5



l = 58 cm

b = 45 cm

$A_1 = A_2$

a = _____cm

6



A = 807.77 cm^2

d = 140 mm

D = _____mm

7



a x a = 543169

a = _____mm

Copyright Free Under CC BY Licence

4. अनुपात और समानुपात (Ratio and proportion)

अनुपात (Ratio)

परिचय (Introduction)

यह समान प्रकार की दो मात्राओं के बीच का सम्बन्ध है और अपूर्णांक में व्यक्त किया जाता है ।

अभिव्यक्ति (Expression)

a, b दो समान प्रकार की मात्राएँ है । $\frac{a}{b}$ अथवा a:b अथवा a ÷ b अथवा a में b यह अनुपात है ।

अनुपात को हमेशा न्यूनतम पद में छोटा किया जाता है ।

उदाहरण

$$7 : 14 = \frac{7}{14} = \frac{1}{2} = 1 : 2$$

समानुपात (Proportion)

यह अनुपातों के बीच की समानता है, a : b अनुपात है और c: d एक और अनुपात है । यदि दोनों अनुपात समान हो तो

a :b :: c : d अथवा $\frac{a}{b} = \frac{c}{d}$

उदाहरण

250 : 2000 :: 1 : 8

अनुपात के मूल सिद्धान्त (Proportion fundamentals)

यदि $\frac{a}{b} = \frac{c}{d}$ तो

- ad = bc
- $\frac{a}{c} = \frac{b}{d}$
- $\frac{b}{a} = \frac{d}{c}$
- $\frac{a+b}{b} = \frac{c+d}{c}$ *and* $\frac{a+b}{a} = \frac{c+d}{c}$
- $\frac{a-b}{b} = \frac{c-d}{d}$
- $\frac{a+b}{b+d} = \frac{a}{b} = \frac{c}{d}$

3:4::6:8 अथवा $\frac{3}{4} = \frac{6}{8}$

- 3 x 8 = 6 x 4
- $\frac{3}{6} = \frac{4}{8}$
- $\frac{4}{3} = \frac{8}{6}$
- $\frac{3+4}{4} = \frac{6+8}{8}$
- $\frac{3-4}{4} = \frac{6-8}{8}$
- $\frac{3+6}{4+8} = \frac{3}{4}$

अनुपात - दो समान मात्राओं के बीच का सम्बन्ध ।
समानुपात - दो अनुपातों के बीच की समानता ।

उदाहरम

- 800 x 1400 mm की एक स्टील प्लैट 1:20 को स्केल पर आरेखित करनी है । Fig 1 में लम्बाई क्या होगी ?

Fig 1



न्यूनतम अनुपात है $\frac{1}{20}$

B को 800 से 800 x $\frac{1}{20}$ = 40 mm में घटाया गया है ।

L 1400 x $\frac{1}{20}$ = 70 mm तक घटाया गया है ।

- Fig 2 में दर्शाये गये गियर ट्रान्समिशन में बड़े गियर के दाँतों की संख्या ज्ञात करें ।

Fig 2



चाल अनुपात = 400 : 300

Copyright Free Under CC BY Licence

दाँत का अनुपात = 24:T

$$\frac{400}{300} = \frac{T}{24} \therefore T = \frac{24x400}{300} = 32 \text{ दाँत}$$

दो अनुपातों को एक अनुपात में व्यक्त करना

यदि A:B= 2:3 और B:C=4:5 तो A:B:C= _____

A: B = 2:3

B: C = 4:5

A: B = 8 :12 (2X4:3:4)

B:C = 12:15 (4X3:5x3)

∴A:B:C= 8:12:15

Copyright Free Under CC BY Licence

1



$l_1 : l_2 = 2:3$

L = 2.75 metres

l_1 = _____ metres

l_2 = _____ metres

2



d डंडे की :

L डंडे की = 2:7

d = 40 mm

L = _____ mm

3



D:L=1:10

L=150mm

D=_____mm

4



$\frac{\Delta h}{l} = \frac{1}{20}$

l = 140 mm

Δh = _____ mm

5



D : d = 1.75: 1

D = 35 mm

d = _____ mm

6



a:s = 5:1

s = 1.5mm

a =_____ mm

7 A:B=9:12

B:C=8:10

तो A:B:C=_____

8 A:B=5:6

B:C=3:4

तो A:B:C= _____

9 A:55=9:11

तो: A=_____

10 15:9.3=40:x

तो: x=_____

Copyright Free Under CC BY Licence

प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष समानुपात (Direct and Indirect Proportions)

समानुपात (Proportion)

वर्णन (Description)

यह समानता के बीच का अनुपात है । a:b अनुपात है और c:d दूसरा अनुपात है । दोनों अनुपात समान है । तो

a : b::c : d उदाहरण 250 : 2000::1 : 8

तीन का नियम (Rule of three)

गणना के तीन कदम : -

कथन (statement)

एकल (single)

गुणज (multiple)

प्रत्यक्ष समानुपात (Direct proportion)

एक की अधिकता, दूसरे की भी अधिकता - एक मान की वृद्धि दूसरे मान में भी वृद्धि लाती है । (Fig 1)

Fig 1



उदाहरण

चार टर्नर 300 रु कमाते हैं, तो 6 टर्नर कितने रुपये कमायेंगे ?

कथन

4 टर्नर = 300 रु

एकल

1 टर्नर = 75 रु

कई

6 अनेक टर्नर = 75 x 6 = 450 रु

एक अधिक तो दूसरा भी अधिक

अप्रत्यक्ष या उल्टा अनुपात (Indirect or inverse proportion)

एक की अधिकता, दूसरे में न्यूनता - एक मात्रा की वृद्धि दूसरी मात्रा में कमी लाती है । (Fig 2)

Fig 2



उदाहरण

चार टर्नर एक कार्य को 300 घण्टों में पूरा करते हैं तो 6 टर्नर कितने समय में पूरा करेंगे ?

हल प्रक्रिया तीन चरणों में :

एकल

4 टर्नर द्वारा लिया गया समय = 300 घण्टे

एक

1 टर्नर द्वारा लिया गया समय = 300 x 4 = 1200 घण्टे

अनेक

6 टर्नर = = 200 घण्टे

परिणाम - एक अधिक तो दूसरा कम

दोनों से सम्बन्धित समस्याएँ (Problems involving both)

उदाहरण

दो टर्नरों 20 pcs बनाने में तीन दिन लगते हैं, तो 6 टर्नर 30 pcs को कितने दिनों में बनायेंगे ?

आरंभिक बिन्दु

2 टर्नर, 20 pcs = 3 दिन

6 टर्नर, 30 pcs = कितने दिन ?

Copyright Free Under CC BY Licence

प्रथम चरण (Fig 3)

कथन 2 टर्नर द्वारा 20 pcs = 3 दिन

1 टर्नर द्वारा 20 pcs = 3 x 2 = 6 दिन

6 टर्नर द्वारा 20 pcs = $\frac{6}{6}$ = 1 दिन

Fig 3



उल्टा अनुपातः अधिक - कम

द्वितीय चरण (Fig 4)

कथन 6 टर्नर द्वारा 20 pcs = 1 दिन

एक 6 टर्नर द्वारा 1 pcs = $\frac{1}{20}$ दिन

अनेक 6 टर्नर द्वारा 30 pcs = $\frac{1}{20}$ x 30 = 1.5 दिन

प्रत्यक्ष अनुपात :- अधिक - अधिक

समस्या के हल हेतु अनुपात के प्रकारों के आधार पर पहले 'कथन' लिखें फिरे 'एक' और उसके पश्चात 'अनेक' लिखें ।

परिचय (Introduction)

मोटर वाहन गणना अनुकूल आधारभूत समानुपात की चर्चा नीचे कर रहे है ।

सरल समानुपात (Simple Proportion)

- समानुपात

यह दो अनुपातों की समानता है ।

उदाहरण

- यदि एक वाहन का बेड़ा एक दिन में 30 लीटर पेट्रोल का उपयोग करता है तो 6 गाड़ियों का बेड़ा कितना प्रयोग करेगा । सभी वाहनों का परिचालन समान स्थिति में किया जा रहा है ।

एक वाहन द्वारा पेट्रोल का उपयोग = 30 लीटर प्रति दिन

तो 6 वाहन द्वारा उपयोग होगा = 6 गुणा अधिक

= 6 x 30 = 180 लीटर/दिन

- यदि 4 वाहन का बेड़ा प्रति दिन 120 gallons पेट्रोल का उपयोग करता हैं तो 12 वाहन का बेड़ा कितना पेट्रोल का उपयोग करेगा जो कि समान स्थिति में परिचालित हैं ।

4 वाहन 120 gallon / दिन उपयोग करते हैं ।

1 वाहन प्रयोग करेगा $\frac{120}{4}$ = 30 gallon / दिन ।

$\therefore$ 12 वाहन प्रयोग करेंगे $\frac{120}{4} X12 = 360$ gallon प्रति दिन उपयोग करेंगे ।

दोनों ही उदाहरण सरल समानुपात कहलायेंगे, क्योंकि केवल दो मात्राएं ही उपयोग में लायी गयी है और दिन दोनों अनुपात में समान है।

यौगिक एवं उल्टा अनुपात (Compound and Inverse proportions)

- यौगिक समानुपात (Compound proportions)

उदाहरण

यदि 5 फिटर, 6 वाहनों को ओवरहॉल करने में 21 दिन लगाते हैं, तो 7 फिटर इस कार्य को करने में कितना समय लेंगे । (प्रत्येक वाहन के ओवरहॉल का समय स्थिर माना गया है) ।

इसमें प्रत्यक्ष एवं अनुप्रत्यक्ष दोनों ही समानुपात में प्रयुक्त हुए हैं ।

- एक फिटर द्वारा 1 वाहन का ओवरहॉल का समय (कम समय)
- मात्राओं (दिनों की संख्या) को अन्त में लिया गया है क्योंकि यह इस स्थिति में उत्तर है ।

उत्तर : 7 फिटर द्वारा 20 दिनों में 8 वाहनों का ओवर हॉल

$\left(\frac{21X5}{6X7} X8\right)$ = 20 दिन

उल्टा समानुपात (Inverse proportion)

कभी-कभी अनुपात उल्टे लिये जाते हैं ।

उदाहरण

- यदि एक पानी का पम्प 12 मिनट में ईंधन टैंक को भरता है तो दो पम्प आधा समय लेगें ।

समय को दुगुना नहीं करना

- यदि दो पम्प 30 मिनट में टैंक भरते हैं तो 6 सामान पम्प कितने समय में टैंक भरेंगे ।

उत्तर : 6 पम्प द्वारा लिया गया समय = $\frac{30 x 2}{6}$ = 10 minutes

Copyright Free Under CC BY Licence

दहन समीकरण में समानुपातिय अंश (Proportional parts in combustion equation)

परिचय (Introduction)

ईंधन दहन प्रक्रिया में मात्राओं का समानुपात एक मुख्य आयाम है । निम्न क्रियाएं दहन प्रक्रिया के समय होती है ।

ईंधन एक हाइड्रोकार्बन पदार्थ है । दहन वायु वातावरण से उपलब्ध होती है जिसमें आक्सिजन और नाइट्रोजन होता है । जब ईंधन जलता है तो निम्नलिखित रासायनिक परिवर्तन होते हैं ।

- कार्बन आक्सीजन के साथ जलकर Co और Co_2 बनाता है ।

  (कार्बन मोनो आक्साइड और कार्बन डाइओक्साइड)

- हाइड्रोडन और आक्सीजन जलकर पानी (H_2O) का रूप धारण करते हैं ।
- सल्फर और आक्सीजन जलकर सल्फर डायआक्साइड बनते हैं ।
- नाइट्रोजन एक inert गैस है और यह दहन में भाग नहीं लेता ।

एक LB के पदार्थ में समाननुपातिय अंशों को ज्ञात करते की विधि (Method of finding proportional parts in one LB of a substance)

अब ज्ञात करना है

- पानी के एक LB/Kg में आक्सीजन एवं हाइड्रोटन का समानुपात
- ईंधन के एक LB/kg में हाइड्रोजन और कार्बन का समानुपात

उदाहरण

- पानी का रासायनिक फार्मूला H_2O है । अर्थात् 2 अणु हाइड्रोजन के तथा अणु आक्सीजन के मिलकर पानी का एक molecule बनाते हैं । यदि आक्सजीन के अणु का वजन हाइड्रोजन के अणु से 16 गुणा अधिक है तो 1 kg पानी का समानुपात ज्ञात करें ।

हल

पानी के वजन के आधार पर अंश नीचे प्रकार है :

आक्सीजन = 16/2 = 8kg

हाइड्रोजन = 1/1 = 1kg

योग = 8 + 1= 9kg

- एक हाइड्रोकार्बन ईंधन का फार्मूला C_6H_{14} है । यह दर्शाता है कि ईंधन के एक molecule में कार्बन के 6 अणु तथा हाइड्रोजन के 14 अणुओं होते हैं । यदि कार्बन के अणुओं का वजन हाइड्रोजन अणुओं से 12 गुणा अधिक है तो एक kg ईंधन में हाइड्रोजन एवं कार्बन के समानुपातित अंश ज्ञात करें ।

हल

वजन के आधार पर कार्बन के अंश = 6 x 12 = 72

वजन के आधार पर हाइड्रोजन के अंश = 14

कुल अंशों की संख्या = 72 + 14 = 86.

कार्बन का वजन = 72/86 = 0.8372 kg

हाइड्रोजन का वजन 14/86 = 0.1628 kg

अनुपात एवं समानुपात

दहन प्रक्रिया के लिए हवा की मात्रा का आवश्यक समानुपातः आवश्यक है ।

ईंधन के दहन में हवा के द्रव्यमान की आवश्यक है । जो कि निम्न कारकों पर आधारित है और इसे वायु - ईंधन अनुपात कहते हैं ।

- – दहन प्रक्रिया में कार्बन, हाइड्रोजन, सल्फर को आक्सीजन के साथ जलना होता है ।
  – पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन की आपूर्ति करने हेतु हवा कि निम्न मात्राओं (वजन के आधार पर) की आवश्यकता होती है ।
- – 1 kg कार्बन के पूर्ण दहन हेतु = $2\frac{2}{3} kg$
  – 1 kg हाइड्रोजन के पूर्ण दहन हेतु = 8 kgs आक्सीजन
  – 1 kg सल्फर के पूर्ण दहन हेतु = 1 kg आक्सीजन
- हवा के द्रव्यमान के पूर्ण दहन हेतु गणना का सूत्र :

  हवा में 23% आक्सीजन तथा 77% नाइट्रोजन की मात्रा होती है ।

  हवा का द्रव्यमान = आक्सीजन का द्रव्यमान x प्रत्येग गठन हेतु

  कार्बन हेतु $= 2\frac{2}{3} X \frac{100}{23} = 11.6$ kg.of वायु

  हाईड्रोजन हेतु $= 8X\frac{100}{23} = 34.8$kg.of वायु

  सल्फर हेतु $= 1X\frac{100}{23} = 4.35$ kg.of वायु

कुल 50.75 Kg

अतः 1 kg ईंधन के दहन के लिए इंजन को 50.75 kg वायु की आपूर्ति होनी चाहिए ।

दहन प्रक्रिया समान नहीं होती अतः में 50.7 kg से अधिक हवा की आपूर्ति होनी चाहिए ।

ITI के छात्रों की गुंजाइश के परे दहन समीकरण में गणना शामिल की गई । विभिन्न अनुपात के तत्वों को कम्प्यूटिंग करने के लिए रसायन शास्त्र एवं भौतिक शास्त्र भी शामिल है ।

Copyright Free Under CC BY Licence

1 Fig 1



लम्बाई = 6.1 metre

वजन = 32 kgf

उसी रॉड के एक मीटर का वजन = _____ kgf

2 Fig 2



d_1 = 120 mm

d_2 = 720 mm

n_1 = 1200 rpm

n_2 = _____ rpm

3 Fig 3



Z_1 = 42 T

n_1 = 96 rpm

n_2 = 224 rpm

Z_2 = _____ T

4 Fig 4



D = 50 mm

H = 80 mm

h = 36 mm

d = _____ mm

5 यदि एक मैकानिक 8 मशीनों को 3 दिनों में जोड़ता है तो उसे 60 मशीने जोड़ने में कितना समय लगेगा ?

6 एक ऑटोशॉप में ग्राइन्डिंग पहिये 1000 rpm बनाते हैं और संचालित चरखी 200 mm व्यास का है । यदि संचालित चरखी का 150 mm व्यास हो तो संचालित चरखी का rpm ज्ञात करें ।

7 एक वाहन के गियरिंग (gearing) में निम्न तथ्य मिलते हैं :

180 mm व्यासवाला गियर 60 mm व्यासवाले गियर को पकड़ता है । यदि बड़ा गियर 60 rpm बनाता है तो छोटे गियर का rpm क्या होगा ?

8 5 मैकानिकों के द्वारा वाहनों का कार्य 4 दिनों में पूरा होता है । यदि केवल 3 मेकानिक ही मौजूद हों तो कितने दिनों में यह कार्य पूर्ण होगा ?

9 वाहनों की गियरिंग (gearing) व्यवस्था में गियर के 52 दाँत के साथ 26 दाँत फँसते हैं । 52 दाँत के गियर का व्यास 200mm है तो 26 दाँत के गियर का व्यास ज्ञात करें ।

10 यदि पानी के 2 पम्प 45 मिनट में टैंक को पूरी भरते हैं तो इसी तरह के 4 पम्प कितने समय में टैंक भरेंगे ?

11 बेल्ट-चरखी में संचालन चरखी 12 cm व्यास की है और 360 rpm पर घूमती है । 20 cm व्यास की संचालित चरखी का rpm ज्ञात करें ।

12 गियर बॉक्स के ओवरहॉल करने का कार्य को 5 दिनों में पूरा करने हेतु 12 मैकानिकों की आवश्यकता पड़ती है । यदि 7 मैकानिक ही मौसूद हों तो कार्य पूरा होने में कितने दिन लगेंगे ?

13 निम्नलिखित को सरल अनुपात में व्यक्त करें :

a $45 \div 60$ b 40 paise ÷ Rs4.00

c $\frac{20\text{mm}}{4\text{ metres}}$ d $4^0\text{C} \div 100^0\text{C}$

14 वायु में 24% आक्सीजन तथा 78% नाइड्रोजन द्रव्यमान (वज़न) में पाये जाते हैं । ईंधन की इकाई के पूर्ण दहन के लिए आवश्यक हवा की मात्रा की गणना करें। (कार्बन, हाइड्रोजन और सल्फर के दहन प्रक्रिया में प्रमुख पदार्थ के रूप में हिस्सा लेते हैं) ।

नोट : निम्न आकडे दिये गये है (समस्या का हल करें)

a कार्बन के 1 kg के लिए $2\frac{2}{3}$ kg ऑक्सीजन आवश्यक है ।

b 1 kg हाइड्रोजन के लिए 8 kg ऑक्सीजन आवश्यक है ।

c 1 kg सल्फर के लिए 1 kg ऑक्सीजन आवश्यक है ।

15 ईंधन C_7H_{14} हाइड्रो कार्बन का पदार्थ है । यह दर्शाता है कि ईंधन के प्रत्येक मोलेक्युल में 7 कार्बन के अणु तथा 14 हाइड्रोजन के अणु होते हैं । यदि कार्बन का एटोमिक वजन हाइड्रोजन के एटोमिक के वजन से 12 गुण अधिक है । 1 kg ईंधन में कार्बन एवं हाइड्रोजन के समानुपातित अंशों को ज्ञात करें ।

16 रु. 20,000/- के मूल्य वाहन का एक वर्ष का बीमा रु. 150/- में होता है । तो रु. 24000/- के मूल्य के वाहन के एक वर्ष और 3 महीना के लिए उसी दर पर कितना लगेगा । (यौगिक समानुपात) ।

17 पाठ से रिक्त स्थान भरें:

a अप्रत्यक्ष समानुपात में एक मात्रा की अधिकता दूसरे की मात्रा में _____ उत्पन्न करती है ।

b प्रत्यक्ष अनुपात में एक आंकड़े की वृद्धि दूसरे में _____ उत्पन्न करती है ।

c समस्या का समाधान करते हेतु निम्न 3 चरणों की गणना को नीचे प्रकार अपनाया जाता है ।

Copyright Free Under CC BY Licence

i _____

ii _____

iii _____

d पूर्ण दहन प्रक्रिया में निम्नलिखित की आवश्यकता है :

1 kg कार्बन में _____ आक्सीजन आवश्यक है ।

1 kg हाइड्रोजन में _____ आक्सीजन आवश्यक है ।

1 kg सल्फर में _____ आक्सीजन आवश्यक है ।

e पूर्ण दहन के लिए वायु के द्रव्यमान की गणना हेतु प्रयुक्त सूत्र नीचे प्रकार है -

प्रत्येक अंश के लिए वायु का द्रव्यमान = $X\frac{100}{23}$

अंश का द्रव्यमान _____

f वायुमण्डलीय वायु में वजन के आधार पर _____% नाइट्रोजन और _____ % आक्सीजन हैं ।

g चूंकि दहन प्रक्रिया समरूप नहीं होती, सैद्धान्तिक मात्रा की तुलना में _____ मात्रा की आपूर्ति की आवश्यकता होती है ।

h ईंधन (पेट्रोल अथवा डीज़ल) की दहन प्रक्रिया में 3 मुख्य घटक आक्सीजन की मदद से जलते हैं । वे हैं -

i _____

ii _____

iii _____

i ईंधन की पूर्ण दहन प्रक्रिया में जिस वायु के द्रव्यमान की आवश्यकता है । उसे _____ अनुपात कहते हैं ।

Copyright Free Under CC BY Licence

5. प्रतिशत (Percentage)

प्रतिशत (Percentage)

प्रतिशत उस अपूर्णांक की तरह है जिसका भाजक हमेशा 100 होता है । प्रतिशत का चिन्ह % है जो कि आंकडे के पीछे प्रयुक्त होता है ।

उदाहरण = 16%.

दशमलव के रूप में यह 0.16 है । प्रतिशत की गणना में तीन नियम शामिल है । इकाई के लिए कथन और फिर अनेक जो कि उत्तर है । (Fig 1)

उदाहरण

Fig 1



एक दरवाजे को बनाने के लिए कुल कच्चे धातु की मात्रा 3.6 m^2 है और अपव्यय (वेस्टेज) 0.18 m^2 है । अपव्यय का प्रतिशत ज्ञात करें। (Fig 2)

तीन चरणीय हल की प्रक्रिया

Fig 2



कथन :

कुल आवश्यक मात्रा = 3.6 m^2 = 100 %.

एक : $\frac{100}{3.6}$ 1 m^2

फिरे अनेक हेतु : 0.18 m^2 = $\frac{100}{3.6}$ x 0.18.

अपव्यय = 5%.

निष्कर्ष (Conclusion)

तीन चरण निम्न प्रकार से है :

प्रथम चरण : स्थिति का वर्णन (उपलबन्धता)

द्वितीय चरण : इकाई के लिए तय करना

तृतीय चरण : अनेक (multiple) के लिए अग्रसर होना

दिये गये आंकड़ों का विश्लेषण करें और फिर इकाई की सहायता से उत्तर ज्ञात करने हेतु सक्रिय हों ।

उदाहरण

एक फिटर 984.50 रु का वेतन अपने घर ले जाता है । यदि इस वेतन में 24%, कटौती होती है, तो उसका कुल वेतन क्या होगा ? (Fig 3)

पूरा वेतन 100%

कटौती 24%

घर ले जानेवाला वेतन 76%

यदि घर ले जानेवाल वेतन 76 रु है, तो उसका वेतन 100 रु होगा ।

1% केलिए $\frac{1}{76}$ है ।

984.50 रु के लिए $\frac{1}{76}$ x 984.50 है ।

100% के लिए $\frac{984.50}{76} X100 = 1295.39$ है ।

अर्थात् 100% कुल वेतन = 1295.40 रु हैं ।

Fig 3



उदाहरण 1

200 लीटर तेल की क्षमता वाले बैरेल में से 75 लीटर तेल निकाला जाता है तो बाहर निकाले गये तेल का प्रतिशत ज्ञात करें ।

हल

निकाले गये तेल का % = $\frac{\text{निकाला गया तेल (litres)}}{\text{बैरेल की क्षमता}}$ x 100

$= \frac{75}{200} x\ 100 = 37\frac{1}{2}\%$

उदाहरण 2

एक स्पेर पार्ट को 15% लाभ के साथ 15000/- रु में ग्राहक को बेचा गया। निम्नलिखित ज्ञात करें । (a) स्पेयर पार्ट की खरीदी का दाम क्या है ? (b) लाभ क्या है ?

हल : CP = x,

CP = लागत मूल्य

SP = बिक्री मूल्य

SP = CP+15%of CP

$15000 = x + \frac{15x}{100} = \frac{100x + 15x}{100}$

Copyright Free Under CC BY Licence

$$x = \frac{1500000}{115} = 13043.47$$

लाभ = SP-CP = 15000-13043=1956.53

खरीदी का मूल्य = Rs.13,043/, लाभ = Rs. 1957/

उदाहरण 3

80000 कारों का सड़क पर परीक्षण किया गया । जिनमें से केवल 16000 कारों में कोई खराबी नहीं थी । इन जानकारी का प्रतिशत ज्ञात करें ।

$$= \frac{16000}{80000} \times 100 = \frac{100}{5} = 20\%$$

उदाहरण 4

एक मोटर साइकिल की कीमत 92% तक गिर गई और वह 18000/- रु में वह बिक्री हुई है, तो उसकी असली कीमत क्या थी ?

हल

मोटर साइकिल की तत्कालिन कीमत = 18000/- रु

यह असली कीमत का 92% है,

तो x असली कीमत = Rs.18000/-

असली कीमत = $18000 \times \frac{100}{92} = \frac{1800000}{92}$

= Rs.19565/-

उदाहरण 5

एक मोटर गाडी 30 kmph चलते समय 100 लीटर पेट्रोल का उपयोग करती है । टॉप ऑवरहाल करने बाद पेट्रोल की खपत 90 लीटर प्रति दिन हो गयी । बचत प्रतिशत की गणना करें ।

हल

बचत का प्रतिशत = $\frac{\text{खपत में गिरावट}}{\text{असली खपत}} \times 100$

$= (100 - 90)\frac{\text{litres}}{100} \times 100$

$= \frac{10}{100} \times 100$

= 10% ईंधन में बचत

प्रश्न (ASSIGNMENT)

प्रतिशत

1



a = 400mm (वर्ग के पक्ष)

d = 400 mm

अपव्यय = _____ %.

2



d = 26mm

'a' u/cut की गहराई

= 2.4mm

अनुप्रस्थ काट पर क्षेत्रफल में

कमी = _____ %

3



वृद्धि का प्रतिशत = 36%

वृद्धि का मान

= 611.2 N/mm^2

मूल तन्यता ताकत

(टेन्सील स्ट्रेन्थ)

= _____ N/mm^2.

4



ताम्बे में मिश्र धातु = 27 kg

जींक में मिश्र धातु = 18 kg

ताम्बे का %

= _____ %

जींक का %

= _____%.

5



मिश्र धातु का वजन

= 140 Kgf

मिश्र धातु PbSn 40 है ।

Pb = _____ Kgf

Sn = _____ Kgf.

6



छायांकित भाग

= _____ %.

Copyright Free Under CC BY Licence

7 Fig 7



सम्पीड़न (कम्प्रेशन) की लम्बाई = _____ %.

8 Fig 8



d = 360 mm

a = 0.707 x d

अपव्यय = _____ %.

9 Fig 9



Cu = _____ Kgf

Zn = _____ Kgf.

10 Fig 10

Cu _____ %

Sn = _____ %.

11 एक व्यक्ति स्पेर पार्ट को 195/- रु में खरीदता है; जो कि बिक्रि मूल्य का 65% है । तो बिक्री मूल्य क्या है ?

12 एक मोटर साइकिल का टायर 300/- रु. में बेचा गया । यदि इसमें 25% लाभ भी शामिल किया जाय तो इसकी खरीदी का मूल्य क्या होगा ?

13 हवा की संरचना चित्र में दर्शायी गई है । हवा के 120 m^3 में हमें m^3 के कितने तत्त्व मिलते हैं ?

14 एक डीजल इंजन के बियरिंग मिश्र धातु के हैं । इसके निम्न घटक है ।

a) ताम्बा (Cu) - 86%

b) टिन (Sn) - 10%

c) जिंक (Zn) - 4%

40 kg के मिश्र धातु में, इन तत्वों के कितने kg होंगे हैं ?

15 ओटो मरम्मत के गेराज़ में प्रयुक्त सोल्डर का 35% टीन और 65% लेड़ होता है। 40 kg के सोल्डर में इन तत्वों कितना वजन मिलेगा ?

16 4 भिन्न भिन्न यात्रा में एक कार 6.65, 7.5, 6.85,7.05 गेलन पेट्रोल का उपयोग करती है । प्रत्येक यात्रा 200 मील है ।

निम्नलिखित ज्ञात करें :

1 प्रत्येक यात्रा की खपत का औसत

2 प्रत्येक मील पर खपत का औसत

3 औसत खपत का उपयोग ।

दो दशमलव स्थान तक सही औसत के प्रतिशत की अधिकतम खपत व्यक्त करें ।

17 ट्रांसपोर्ट कार्यशाला में निम्नलिखित खर्चे कुल आय से होते हैं ।

1 40% आय पहिये में खर्च होती है ।

2 30% आय ईंधन और ल्यूब्रिकेन्ट में खर्च होती है ।

3 10% आय स्पेर पार्ट में खर्च होती है ।

यदि महीने की आखिरी बचत 2000/- रू है तो कुल आय क्या है ?

Copyright Free Under CC BY Licence

6. सामग्री विज्ञान (Material Science)

धातु के भौतिक एवं यांत्रिक गुण (Physical and mechanical properties of metals)

धातु (Metal) :

धातु एक खनिज पदार्थ है जो सब प्रकार के इंजीनियरिंग कार्य में प्रयुक्त होती है। जैसे कि मशीन, पुल, हवाई जहाज इत्यादि । हमें इस धातु की सामान्य जानकारी होनी चाहिए ।

आजकल मशीनिस्ट के लिए धातुओं के भौतिक और मैकानिकल प्रभाग गुण जानना अत्यधिक आवश्यक हो गया है क्योंकि उसे विभिन्न प्रभाग बनाने होते है और डिजाइनिंग सेवाओं में आवश्यक विभिन्न घटक जैसे कि तापमान को बढ़ाना, लचीला बनाना संपीडित करना और बढ़ते प्रभाव को सूचित करना - जैसी माँगों की आपूर्ति करनी होती है । धातुओं के विभिन्न गुणों की जानकारी उस अपने कार्य को सफलतापूर्वक करने में मदद रूप होती है । यदि उचित सामग्री/धातु का प्रयोग न किया जाए तो कार्य टूट सकता या उसमें अन्य त्रुटियाँ आ सकती है । हिस्सों से प्रयुक्त करते समय वे बेकार साबित हो सकते हैं ।

Fig 9 यह दर्शाता है कि समान भार के अन्तर्गत धातुएँ किस प्रकार विकृत हो जाती है ।

विकृतियों की मात्रा पर ध्यान दें ।

Fig 9



धातु के भौतिक गुण (Physical properties of metals)

- रंग
- वजन/गुरुत्वाकर्षण
- संरचना
- वाहकता
- चुम्बकीय गुण
- गलनीयता

रंग (Colour)

विभिन्न धातु के रंग भिन्न-भिन्न होते हैं । उदाहरण के लिए, ताम्बे का रंग विशिष्ट लाल होता है । माइल्ड स्टील का रंग नीला/काला चमकवाला होता है ।

भार (Weight)

दी गयी मात्रा के आधार पर धातु के भार पहचाने जाते हैं । एल्युमिनियम जैसी धातु का वजन कम है (Sp. gr.2.8) तथा लेड जैसी धातु का वजन अधिक होता है (Sp.gr. 9) ।

संरचना (Structure) (Figs10 और 11)

सामान्यतः धातु को उनकी आंतरित संरचना के आधार पर विभक्त किया जा सकता है जब हम माइक्रोस्कोप के माध्यम से उसकी छड़ के अनुप्रस्थ काट को को देखते हैं। गढ़ा लोहा और एलुमिनीयम की संरचना रेशेदार होती है । कच्चे लोह एवं ब्रौन्ज़ जैसी धातुओं की होती दानेदार संरचना होती है ।

Fig 10



FERRITE GIVES DUCTILITY AND SLAG FIBRES IMPROVE CORROSION RESISTANCE

Fig 11



FLAKES OF GRAPHITE REDUCE STRENGTH AND IMPROVE MACHINEABILITY

वाहकता (Conductivity) (Figs 12 और 13)

थरमल वाहकता और विद्युतीय वाहकता सामग्री की गर्मी एवं विद्युत की चालन क्षमता के मानदण्ड है । धातुओं की वाहकता में भिन्न-भिन्न होती है। ताम्बा एवं एल्युमिनियम जैसी धातुएँ उष्मा एवं विद्युत की अच्छी चालक हैं।

Fig 12



Copyright Free Under CC BY Licence

Fig 13



चुम्बकीय गुण (Magnetic property)

यदि कोई धातु चुम्बक से आकर्षित होता है उसे चुम्बकीय धातु कहते हैं ।

जंग रोधक स्टील धातु को छोड़कर अधिकतर सभी लौह धातुएँ चुम्बक से आकर्षित होती हैं और सारी अलौह-धातुएँ और उनके मिश्रण चुम्बक से आकर्षित नहीं होते ।

गलनीयता (Fusibility) (Fig 14)

धातु का यह वह गुण है जिसमें गर्मी के कारण वह पिघलती है । कई धातुएँ आकारों में परिवर्तित होती हैं जिसमें अर्थात् भिन्न-भिन्न तापमानों पर ठोस से द्रव्य में बदलती हैं । स्टील अधिक तापमान पर ठोस से द्रव्य में पिघलता है जबकि लेड कम तापमान पर ।

टीन 232°C पर पिघलता है ।

टंगस्टन 3370°C पर पिघलता है ।

Fig 14



यांत्रिक गुण **(Mechanical properties)**

- तन्यता (Ductility)
- वर्धनीयता (Malleability)
- कठोरता (Hardness)
- भंगुरता (Brittleness)
- कड़ापन (Toughness)
- सख्ती (Tenacity)
- लोच (Elasticity)

तन्यता (Ductility) (Fig15)

एक धातु तन्य तभी कह सकते हैं जब वह टूटे बिना तारों में परिवर्तित हो जाये । धातु का वायर में परिवर्तत होना तन्यता पर आधारित है । नत्य धातु सशक्त एवं लचीली होती हैं। तांबा और एलुमिनीयम तन्ये धातुओं के अच्छे उदाहरण हैं ।

Fig 15



वर्धनीयता (Malleability) (Figs 16 and 17)

बढ़ने की योग्यता धातु का वह गुण जिसमें में उसे टंकण एवं रोलिंग आदि के माध्यम से किसी भी दिशा में बिना टूटे विस्तारित किया जा सकता है । लेड वर्धनीय धातु का अच्छा उदाहरण है ।

Fig 16



Fig 17



कठोरता (Hardness) (Fig 18)

कठोरता धातु की क्षमता का माप वह है जिसमें वह खरोंच, घिसाव तथा घर्षण सकती है जब उसे दाँतेदार बनाया जाता है । धातु की कठोरता का परीक्षण फ़ाइल आदि से अंकन द्वारा होता है ।

Copyright Free Under CC BY Licence

Fig 18



WHEN PRESSED INTO A HARD MATERIAL THE BALL ONLY MAKES A SHALLOW INDENTATION.

WHEN PRESSED INTO A SOFT MATERIAL THE BALL MAKES DEEP INDENTATION.

भंगुरता (Brittleness) (Fig 19)

भगुंरता धातु का वह गुण है जो तोड़ने के पहले स्थायी विरूपक को स्थान नहीं देता । कच्चा लोह इसका अच्छा उदाहरण है जो प्रहार या झटके की स्थिति में मुड़ता नहीं पर टूट जाता है ।

Fig 19



THE IMPACT FORCE OF THE HAMMER CAUSES THIS MATERIAL TO BREAK AS IT POSSESSES BRITTLENESS.

कड़ापन (Toughness) (Fig 20)

कड़ापन धातु का वह गुण है जिसके कारण वह प्रहार अथवा झटके का प्रभाव सह लेती है। कड़ापन भंगूरता का विपरीत गुण है । गढ़ा लोहा कड़ी धातु का अच्छा उदाहरण है ।

Fig 20



सख्ती (Tenacity)

धातु का बिना टूटे तन्य बलों के प्रभाव को सहने की क्षमता है सख्ती। हल्का स्टील, गढ़ा लोहा और ताम्बा सख्त धातुओं के अच्छे उदाहरण हैं ।

लोच (Elasticity)

लोच धातु की वह शक्ति है जो अनुप्रयुक्त बल समाप्त होने पर पुनः उसे मूल रूप में लाती है । अच्छी तरह गरम-प्रक्रिया से गुजरी स्प्रिंग इसका अच्छा उदाहरण है ।

Copyright Free Under CC BY Licence

गढे लोहे, हल्के स्टील एवं स्टील के गुणों की तुलना (Comparison of the Properties of Cast Iron, Mild Steel and steel)

गुण (Property)	गढा लोहा (Cast Iron)	हल्का स्टील (Mild Steel)	स्टील (Steel)
संयोजन	कार्बन की मात्रा 2 से 4.5%	कार्बन की मात्रा 0.1 से 0.25%	कार्बन की मात्रा 0.5 से 1.7%
शक्ति	– उच्च संपीडन शक्ति	– मध्यम संपीड़न शक्ति	– उच्च संपीड़न शक्ति
	– निम्न तन्य शक्ति	– मध्य तन्य शक्ति	– उच्च तन्य शक्ति
	– निम्न कतरन शक्ति	– उच्च	– उच्च
वर्धनीयता	निम्न	उच्च	उच्च
तन्यता	निम्न	उच्च	उच्च
कठोरता	मध्यम कठोर, ठंडा करने पर और गर्म करने पर कठोर बना सकता है ।	हल्का	कठोर
कड़ापन	कड़ापन निम्न श्रेणी का है ।	बहुत कड़ा	कार्बन की मात्रा के हिसाब से कड़ापन
भुंगरता	भंगुर	वर्धनीय	वर्धनीय
गढ़नशीलता	नहीं गढ़ा जा सकता	गढ़ा जा सकता है	गढ़ा जा सकता है
जुड़ने की योग्यता	कठिनाई के साथ जोड़ा जा सकता है	आसानी से जुड़ता है	जुड़ सकता है ।
कास्टिंग	आसानी से कास्ट किया जा सकता	कास्ट किया जा सकता है लेकिन आसानी से नहीं	कास्ट किया जा सकता है
लोच	निम्न	उच्च	उच्च

लौह एवं अलौह मिश्र धातुएँ (Ferrous and Non ferrous alloys)

धातु मिश्रण एवं लौह मिश्रण (Alloying metals and ferrous alloys)

मिश्र धातु दो या अधिक धातु को पिघलाकर मिलाने पर बनती है।

लौह धातु एवं मिश्र धातु के लिए लोहा मुख्य घटक है। मिश्र धातु के प्रकार और प्रतिशत के आधार पर मिश्र धातु स्टील के गुण भिन्न हो जाते हैं।

सामान्यतः मिश्र धातु स्टील में प्रयुक्त धातुएँ

निकल (Ni) (Nickel (Ni))

यह कठोर धातु है, और कई प्रकार के अम्लों की प्रतिरोधक है।

यह औद्योगिक अनुप्रयोगों में काम आती है जैसे कि निकल, कैडमियम बैटरी, बॉयलर ट्यूब, आंतरिक दहन इंजन के वाल्व, इंजन स्पार्क प्लग आदि। निकल 1450^0C पर पिघलता हैं। निक्ल को चुम्बकीय बना सकते हैं। स्थायी चुम्बक के निर्माण में विशेष निकल स्टील मिश्र धातु का प्रयोग होता है।

इलेक्ट्रोप्लेटिंग में भी निकल का प्रयोग होता है। इनवर स्टील में 36% निकल की मात्रा होती है। यह कठोर एवं जंग रोधक हैं। परिशुद्ध उपकरण इनवर स्टील के द्वारा बनाये जाते हैं क्योंकि उसका विस्तार गुणांक है।

निकल स्टील मिश्र धातु में 2% - 50% तक निक्कल की मात्रा पायी जाती हैं।

क्रोमीयम (Cr) (Chromium (Cr))

जब क्रोमीयम स्टील में मिलाया जाता है, तो वह स्टील की कठोरता, जंगरोधकता को बढ़ता है। क्रोमीयम स्टील में 30% क्रोमीयत पाया जाता है।

ऑटोमोबाइल घटक एवं काटने वाले उपकरणों के निर्माण में क्रोमीयम निक्क्ल, टंकस्टन और मोलिबडीयम का मिश्रण पाया जाता है।

विद्युत घटकों के निर्माण में भी क्रोमीयम का उपयोग होता हैं। सिलिन्डर लाइनर्स में क्रोम की परत होती हैं जो उसको जंग रोधक गुण देती है। जंग रोधक स्टील में 13% क्रोमीयम पाया जाता हैं। बियरींग के लिए क्रोमीयम निक्कल स्टील का प्रयोग होता हैं। क्रोम वनैडियम स्टील का प्रयोग हस्त उपकरण जैसे कि स्पेनर्स और रेन्चस आदि बनाने में होता है ।

मैंगनीज (Mn) (Manganese (Mn))

स्टील में मैंगनीज को मिलाने से उसकी कठोरता एवं ताकत बढ़ती है पर ठण्डक की दर कम हो जाती है।

Copyright Free Under CC BY Licence

मैंगनीज स्टील का प्रयोग बाहरी परत को कड़ा करने में होता है जिससे सतह घिसे नहीं । मैंगनीज स्टील में मैंगनीज की लगभग 14% मात्रा होती है जो कृषि उपकरण जैसे कि हल आदि बनाने में प्रयुक्त होता हैं।

सिलिकॉन (Si) (Silicon (Si))

स्टील के साथ सिलिकॉन का मिश्रण अधिक तापमान ऑक्सीडेसन उसकी प्रतिरोधकता को बढ़ाता है।

यह जंग का विरोध करता है और लोच बढ़ता है। स्टील के साथ सिलिकॉन का मिश्रण स्प्रींग और कुछ विशेष प्रकार के स्टील का निर्माण करने में प्रयुक्त होता है क्योंकि वह जंग का प्रतिरोध करता है। गढ़े लोहे में सिलिकॉन की लगभग 2.5% मात्रा होती है। यह मुक्त ग्रेफाइट के निर्माण में उपयोगी है जो गढ़े लोहे की मशीनी क्षमता बढ़ाता है।

टंगस्टन (W) (Tungsten (W))

टंगस्टन 3380^{0}C के तापमान पर पिघलता है। यह तारों में ढ़ाला जा सकता है। इस कारण यह विद्युतीय लैम्पों के तंतु बनाने में उपयोगी होता है।

अधिक तेजी के काटने वाले उपकरणों के निर्माण में टंगस्टेन का प्रयोग एक मिश्र धातु के रूप में होता है। अधिक गति के स्टील में 18% टंगस्टेन, 4% क्रोमीयम और 1% वेनैडियम का मिश्रण होता है।

उपग्रह वह मिश्रण है जिसमें 30% क्रोमीयम, 20% टंगस्टेन, 1-4% कार्बन और बाकी कोबाल्ट होता है ।

वेनैडियम (Va) **(Vanadium** (Va))

यह स्टील के कड़ेपन को बढ़ाता है। गियरों, स्टील उपकरणों आदि के निर्माण में वेनैडियम स्टील का प्रयोग होता है। स्टील के उपकरणों को सही संरचना प्रदान करने में वेनैडियम उपयोगी है।

क्रोम-वेनैडियम स्टील में 0.5% से 1.5% क्रोमीयम, 0.15% से 3% वेनैडियम, 0.13% - 1.10% कार्बन की मात्रा पायी जाती हैं।

इस मिश्र धातु में उच्च तन्यता, ताकत, लोच सीमा और लचीलापन होता है। यह स्प्रींग, गियर, शाफ्ट और ड्राप घटकों के निर्माण में उपयोगी है।

वेनैडियम उच्च गति स्टील में 0.70% और करीब 10% वन्डानीयम की मात्रा पायी जाती है । यह अधिक उच्च गति वाला स्टील माना जाता है।

कोबाल्ट (Co) (Cobalt (Co))

कोबाल्ट 1495^{0}C पर पिघलता है। यह चुम्बकीय गति को उच्च तापमान पर बनाय रखता हैं। चुम्बक, बाल बियरिंग, काटने वाले उपकरण आदि के निर्माण में कोबाल्ट उपयोगी है। कोबाल्ड-हाई-स्टील (जिसे कभी-कभी सुपर HSS भी कहते हैं) में 5-8% कोबाल्ट की मात्रा होती है । यह टंगस्टेन HSS के मुकाबले 18% अधिक कठोर एवं जंगरोधक होता है ।

मॉलिब्डेनम (Mo) **(Molybdenum** (Mo))

मॉलिब्डेनम 2620^{0}c पर पिघलता है। इसे गर्म किया जाता है तो यह कोमलता के विरुद्ध अधिक रोधकता प्रदान करता है। मॉलिब्डेनम हाई स्पीड स्टील में 8% मॉलीब्डेनम, 6% टंगस्टेन, 4% क्रोमीयम और 2% वेनैडियम होता है। यह बहुत ही कठोर उवं काटने की क्षमतावाला होता है।

कैडियम (cd) **(Cadmium** (cd))

कैडियम 320^{0}c पर पिघलता है। यह स्टील के घटकों की कोटिंग करने में प्रयुक्त होता है।

मिश्र धातुएँ और अलौह मिश्र धातुएँ (Alloying Metals and Non Ferrous Alloys)

अलौह धातु और मिश्र धातुएँ (Non-ferrous Metals And Alloys)

ताम्बा एवं उसके मिश्रण (Copper and its alloys)

धातुएँ, जिसमें लोहा नहीं होता है उसे अलौह धातुएँ कहत हैं। उदाहरण के लिए ताम्बा, एल्युमिनियम, जींक, लेड व टीन।

ताम्बा (Copper)

इसको मैलाशाइट (MALACHITE) से निकाला जाता है । जिसमें 55% ताम्बा होता है और पाइराइट्स (PYRITES) जिसमें 32% ताम्बा होता है ।

गुण (Properties)

इसका रंग लाल होता है। ताम्बे को उसके रंग के कारण आसानी से पहचाना जा सकता है।

जब इसे खंडित किया जाता है तो इसकी संरचना कणात्मक होती है परन्तु जब इसे फोर्ज या रोल किया जाता है तो रेशेदार हो जाती है।

यह बहुत ही वर्धनीय और तन्य है और इसे चादरों और तारों के रूप में तैयार किया जा सकता है ।

यह विद्युत का अच्छा वाहक है । ताम्बे का बड़े पैमाने पर उपयोग बिजली के तार और विद्युत उपकरण के बनाने में होता है। जो विद्युत का वहन करते हैं।

ताम्बा गर्मी का अच्छा वाहक एवं जंग रोधक है। इसी कारण यह बॉयलर फायर बाक्स, पानी गर्म करने के उपकरण, पानी के पाईप तथा में शराब की भट्ठी तथा वाहिकाओं, रासायनिक संयंत्र आदि के लिए उपयोगी है। यह सोल्डरिंग आयन बनाने में भी प्रयुक्त होता है।

ताम्बा 1083^{0}c पर पिघलता है ।

ताम्बे की तन्यता ताकत टंकण एवं रोलिंग के द्वारा बढ़ती है ।

ताम्बा मिश्र धातु (Copper Alloys)

पीतल (Brass)

यह ताम्बा एवं जिंक का मिश्रण है । कुछ विशेष प्रकार के पीतल के लिए टीन और लेड की थोड़ी मात्राएँ मिलाई जाती हैं। पीतल का रंग मिश्र धातु के प्रतिशत पर आधारित है । इसका रंग पीला, हल्का पीला या सफेद के करीब होता है । इसका आसानी से मशीनी करण हो सकता है। पीतल जंगरोधक भी है ।

यह मोटर गाड़ी के रेडियेटर कोर एवं पानी के नल आदि बनाने में अधिकतर प्रयुक्त होता है। यह सख्त सोल्डरिंग गैस वोल्डिंग के लिए उपयोगी है। पीतल 880 से 930^{0}c तक के तापमान में पिघलता है।

विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए पीतल के विभिन्न मिश्रण बनाया जाता हैं। नीचे दिया गया टेबल 1 सामान्य पीतल मिश्रणों के संयोजनों और उनके अनुप्रयोगों को दर्शाता है ।

Copyright Free Under CC BY Licence

ब्रोन्ज़ (Bronze)

ब्रोन्ज़ मूलतः ताम्बे एवं टीन का मिश्रण है। कभी-कभी जिंक भी इसमें मिलाया जाता है ताकि कुछ विशेष गुणों की प्राप्ति हो सके । इसके रंगों की परिव्याप्ति लाल से पीले तक है। ब्रोन्ज़ 1005^{0}c पर पिघलता है। यह पीतल से सख्त होता है। इसे तेज उपकरणों द्वारा आसानी से मशीनीकृत किया जा सकता हैं। इसकी चिप कण के समान होती है। विशेष ब्रोन्ज़ मिश्रण का प्रयोग ब्रेज़िंग छड़ बनाने में होता है।

विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए ब्रान्ज़ के विभिन्न संयोजन उपलब्ध होते है।

लेड और उसके मिश्रण (Lead and its alloys)

यह अलौह धातु की तरह कई किस्मों के औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए उपयोगी है।

लेड का उत्पादन उसके GALENAअयस्क से होता है । यह एक भारी धातु है। यह जब पिघल जाती है, तो चांदी के रंग की हो जाती है। यह नरम, लचीली और जंग रोधक होती है। यह परमाणु विकिरण के सामने अच्छी इन्सुलेटर हैं। लेड अनेक अम्ल जैसे सल्फ्यूरीक अम्ल और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का प्रतिरोध करता है।

यह कार की बैटरियों, सोल्डर बनाने आदि के लिए उपयोगी है। यह पेइन्ट्स बनाने के लिए भी उपयोगी है ।

लेड मिश्रण (Lead Alloys)

बाबिट धातु (Babbitt metal)

बाबिट लेड टीन ताम्बा ओर एन्टीमॉनी का मिश्रण है। यह नरम, घर्षण विरोधी मिश्रण है जो अक्सर बियरींग के रूप में प्रयुक्त होता है।

लेड और टीन का मिश्रण सॉफ्ट सोल्डर के रूप में उपयोगी है ।

जिंक और उसके मिश्रण (Zinc and its alloys)

जिंक सामान्यतः जंग प्रतिरोध के लिए स्टील पर कोटिंग में प्रयुक्त होता है।

उदाहरण हैं स्टील की बाल्टियाँ, जस्ती छत शीटें आदि।

यह 420^{0}c पर पिघलता हैं।

गरम करने पर यह भंगुर एवं नरम हो जाता है। यह जंग रोधक भी है। इसी कारण इसका उपयोग बैटरी कन्टेइनरों एवं छत की ऊपरी परत आदि में किया जाता हैं।

जस्ती लौह स्टील पर जींक की परत होती हैं।

टिन एवं टिन के मिश्रण (Tin and tin alloys)

टिन (Tin)

इसका उत्पादन कैसेटराइट अथवा टिनस्टोन से होता है। यह दिखने में चाँदी के रंग का होता है। और यह 231^{0}c पर पिघलता है। यह नरम तथा अत्यधिक जंग प्रतिरोधकता होता है।

मुख्यतः इसका प्रयोग खाद्य सामग्री के डिब्बे के उत्पादन में होता है। यह दूसरी धातुओं के साथ मिश्रण बनाने के लिए भी उपयोगी है।

उदाहरणः ताम्बे को टिन के साथ मिलाने पर ब्रोंज़ बनता है। सोल्डर बनाने में टिन और लेड को मिलाया जाता है । ताम्बे, टिनन, लेड और एन्टीमोनी को मिलाकर बाबिट धातु बनायी जाती हैं।

एल्युमीनियम (Aluminium)

एल्युमिनियम एक अलौह धातु है जो BAUXITE से निकाली जाती है। एल्युमिनियम सफेद या श्वेताभ ग्रे रंग का होता है। यह 660^{0}c पर पिघलता हैं। एल्युमिनियम में उच्च विद्युतीय एवं थर्मल चालकता होती हैं।

यह नरम तथा गरमी होता है और इसकी तन्यता ताकत कम होती है। एल्युमिनियम हल्का होने के कारण इसका अधिकतम प्रयोग विमान उद्योग उवं निर्माण कार्य में होता है। विद्युतीय उद्योग में इसका उपयोग बढ़ रहा है। घर में गरमी के उपकरणों में भी इसका उपयोग होता है।

संलग्न-1 (Annexure-1)

लौह धातुएँ	अलौह धातुएँ
1 लोहे की मात्रा अधिक होती है।	1 लोहे की मात्रा का नहीं होती है।
2 उच्च द्रवण बिन्दु	2 निम्न द्रवण बिन्दु
3 यह भूरे एवं काले रंग का होता है।	3 यह विभिन्न रंगों का होता है।
4 इसमें जंग लगता है।	4 इसमें जंग नहीं लगता।
5 इसे चुम्बकीय बना सकते है।	5 इसे चुम्बकीय नही बना सकते।
6 यह ठण्डी में भंगुर हो जाता है।	6 यह गरम स्थिति में भंगुर हो जाता है।

कच्चे लोहे एवं स्टील के बीच अन्तर (Difference between cast Iron and steel)

कच्चा लोहा	स्टील
1 कार्बन की मात्रा अधिक होती है	कार्बन की मात्रा कम होती है
2 कार्बन विमुक्त अवस्था में होता है	कार्बन मिला हुआ होता है
3 द्रवण बिन्दु निम्न होता है	द्रवण बिन्दु उच्च होता है
4 इसे चुम्बकीय नहीं बना सकते	इसे चुम्बकीय बना सकते है
5 इसे फ्रोर्ज नहीं कर सकते क्योंकि यह भंगुर है	इसे फोर्ज कर सकते है
6 इसमें जंग मुश्किल से लगता है	इसमें जल्द ही जंग लग जाता है
7 इसे वेल्ड नहीं किया जा सकता	इसे वेल्ड किया जा सकता है

Copyright Free Under CC BY Licence

धातुओं एवं अधातुओं में अन्तर (Difference between metals and non-metals)

धातुएँ	अधातुएँ
चमकदार	धुंधली
सामान्यतः ऊष्मा और विद्युत की अच्छे वाहक	सामान्यतः गर्मी एवं विद्युत की खराव वाहक
अधिकांश नमनीय	नमनीय नहीं
अपारदर्शी (पाद्दर्शी का विलोम)	पतली चादर के रूप में पारदर्शी
अधिकांश तन्य	सामान्यतः ठोस रूप में भंगुर
क्षरीय आक्साइड बनाती है ।	आम्लीय आक्साइड बनाती है
ध्वन्यात्मक (बजाने पर घंटी के समान बजती है)	ध्वन्यात्मक नहीं
1-3 संयोजक इलेक्ट्रॉन होते है	सामान्यतः 4-8 संयोजक इलेक्टॉन होते हैं
आसानी से खुरचा जा सकता है	
सामान्यतः उच्च द्रवण बिन्दु (सामान्यतः कमरे के तापमान पर ठोस, अपवाद पारा)	

लौह धातुएँ (Ferrous Metals)

जिस धातुओं में लौहा प्रमुख रूप से मिश्रित होता है, उसे लौह धातुएँ कहते हैं। विभिन्न गुणों वाले लौह का प्रयोग विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु होता है।

लौहे, कच्चे लौहे, गढ़े लौहे और स्टील का परिचय (Introduction of Iron, Cast Iron, wrought Iron and steel)

सामान्यतः प्रयुक्त लोहा धातु एवं मिश्र धातुएँ हैं :

- पिग- लोहा
- कच्चा लोहा
- गढ़ा लोह
- स्टील और मिश्र धातु स्टील

विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रयोग लोहे एवं स्टील के उत्पादन में होता है।

पिग लौहा (निर्माण प्रक्रिया) **(Pig-iron** (Manufacturing process)):

लौह अयस्क में रासायनिक कमी लाकर लोहा प्राप्त किया जाता है। लौह अयस्क को की प्रक्रिया स्मोल्टिंग कहलाती है।

पिग लौह के उत्पादन में निम्नलिखित कच्चे माल की आवश्यकता :

- लोह अयस्क (Iron ore)
- कोक (Coke)
- फ्लक्स (Flux)

लौह अयस्क (Iron ore)

निम्न लिखित मुख्य अयस्कों का उपयोग होता है :

– मैग्नेटाइट

– हेमटाइट

– लीमोनाइट

– कार्बोनेट

इन अयस्कों में लौहा विभिन्न अनुपातों में होता है एवं प्राकृतिक तौर पर उपलब्ध होता है ।

कोक (Coke)

कोक एक ईंधन है जो कम करने की प्रक्रिया को उपयुक्त ऊष्मा प्रदान करता है। कोक से निकला कार्बन लौह अयस्कों में कार्बन मोनो आक्साइड के रूप में मिलता है और लोहा तैयार होता है।

फ्लक्स (Flux)

यह एक खनिज पदार्थ है जो अयस्क के गलन बिन्दु को कम करने के लिए ब्लास्ट फर्नेस में लगाया जाता है। यह पिघला हुआ लावा बनता है और अयस्क के अधातु भाग के साथ मिलाता है ।

ब्लास्ट फर्नेस में फ्लक्स के लिए लाइमस्टोन का सामान्यतः प्रयोग होता है।

पिग लोह का उपयोग एवं गुण (Properties and use of Pig-iron)

पिग लोह को परिष्कृत कर दुबारा पिघला के अन्य प्रकार के लोहे एवं स्टील के उत्पाद बनाये जाते हैं ।

कच्चा लोहा (उद्पादन प्रक्रिया) **(Cast Iron** (Manufacturing process))

पिग लोहा जो ब्लास्ट फर्नेस के द्वारा टेप होता है वह कच्चे माल का कच्चा रूप है। इसे फिर से परिष्कृत करके केस्टिंग की जाती है । यह परिस्कृत कार्य क्यूपोला फर्नान्स में किया जाता है जो कि ब्लास्ट फर्नान्स का छोटा रूप होता है । (Fig 2)

सामान्यतः क्यूपोला फर्नान्स ब्लास्ट फर्नेस की तरह निरंतर कार्य नही करती लेकिन ये आवश्यकतानुसार चलायी जाती है ।

कच्चा लोहा (प्रकार) (Cast Iron (Types))

कच्चा लोहा, लोहा, कार्बन और सीलीकॉन का मिश्रण है। कार्बन की मात्रा 2% से 4% तक बदलती है ।

कच्चे लोहे के प्रकार

कच्चे लोहे के प्रकार नीचे दिए गए हैं :

– ग्रे कास्ट आयरन (कच्चा लोहा) (Grey cast iron)

– सफेद कच्चा लोहा (White cast iron)

– वर्धनीय कच्चा लोहा (Malleable cast iron)

– गांठदार कच्चा लोहा (Nodular cast iron)

ग्रे कच्चा लोहा (Grey cast iron)

यह मशीनरी पार्ट्स की कास्टिंग करने में ज्यादातर प्रयुक्त होता है और आसानी से मशीन होता है ।

Copyright Free Under CC BY Licence

कच्चे लोहे से मशीन बेसस, मेज़ें, साइडवेस बनते हैं क्योंकि कुछ के समय के पश्चात् ये स्थिर आयामी हो जाता है ।

कच्चा लोहा अपने ग्राफेटिक तत्त्व के कारण उत्कृष्ट बीयरींग एवं स्लाइंडिग सतहें बनाने में काम आता है।

इसका द्रव्य बिन्दु स्टील के मुकाबले कम होता है और ग्रे कच्चे लोहे के समान इसमें अच्छी तरलता होती है । इससे जटिल कास्टिंग की जा सकती है ।

ग्रे कच्चे लोहे का उपयोग ज्यादातर मशीनी उपकरण बनाने में होता है। क्योंकि यह कम्पन की क्षमता को कम करता हैं एवं उपकरण की चटखन कम करता है ।

जब ग्रे कच्चे लोहे को मिश्रित नहीं किया जा यह थोड़ा भंगुर और कम तन्य ताकत का होता हैं। इसी कारण इसका प्रयोग उन घटकों को बनाने में नहीं होता जिन पर उच्च तनाव या लोड पड़ता है ।

ग्रे कच्चे लोहे को कड़ा बनाने है इसमें अक्सर निक्कल, क्रोमीयम, वनैडियम या ताम्बे को मिश्रित किया जाता है।

ग्रे कच्चा लोहा जोड़ने के योग्य है परन्तु प्रमुख धातु को पहले से गरम करना पड़ता है।

सफेद कच्चा लोहा (White cast iron)

यह बहुत कठोर होता है एवं मुश्किल से मशीन होता है इस कारण यह उन घटकों के लिए उपयोगी है जो घर्षण प्रतिरोधक होने चाहिए।

अधिक ठण्डक एवं सीलीकॉन के घटक कम करके के सफेद कच्चे लोहे का उत्पादन होता है। इस प्रकार इसे ठण्डा करने के कारण यह ठण्डा कच्चा लोह कहलाता है।

सफेद कच्चे लोहे को वेल्ड नहीं किया जा सकता।

वर्धनीय कच्चा लोहा (Malleable cast iron)

ग्रे कच्चे लोहे के मुकाबले वर्धनीय कच्चा लौहे में अधिक लचीलापन, तन्य ताकत एवं सख्ती होती है।

लगभग 30 घण्टे का लम्बा उष्मा-उपचार करके सफेद कच्चे लौहे में से वर्धनीय कच्चा लौहा बनाया जाता है ।

गांठदार कच्चा लोहा (Nodular cast iron)

यह वर्धनीय कच्चे लोहे के समान है। परन्तु इसका उष्मा उपचार नहीं होता है। **गांठदार कच्चा लोहा - गांठदार लोहा - तन्य लोह - स्फेरोइडल ग्राफाईट लोहे** के नाम से भी जाना जाता है।

इसमें मशीनी क्षमता, कास्टेबिलीटी, जीर्ण प्रतिरोधकता, निम्न द्रवण बिन्दु एवं कठोरता होती हैं।

वर्धनीय एवं गांठदार कच्चा लोहा उन मशीनी भाग बनाने में प्रयुक्त होता है जिसमें उच्चतर तन्यता तनाव, मध्यम इम्पैक्ट लोडिंग होते हैं। यह कास्टिंग कम महंगी एवं स्टील कास्टिंग का वैकल्पि हैं।

गढ़ा लोहा (उत्पादन प्रक्रिया) (Wrought Iron (Manufacturing process)) (Fig 3)

गढ़ा लोहा लोहे का शुद्ध रूप है। गढ़े लोह के विश्लेषण द्वारा यह पता चलता है इसमें 99.9% तक लोहा होता है। (Fig 3) गरम करने पर गढ़ा लौहा पिघलता नहीं परन्तु यह गाढ़ा हो जाता है और कोई भी आकृति में ढ़ाला जा सकता है।

गढ़े लोह के अधिक मात्रा में उत्पादन की नवीन विधियाँ :

Fig 3



MICROSTRUCTURE OF WROUGHT IRON

– पुडिंग प्रक्रिया (puddling process)

– रास्टेन या बायर्स प्रक्रिया (aston or Byers process)

स्टील (Steel)

यह शुद्ध लौहा है । इसमें कार्बन के घटक अधिक होते हैं । कार्बन की अधिकता इसे सरल एवं कठोर बनाती है। कार्बन के घटक 0.15% से 1.5% होते हैं। इसमें अन्य अशुद्धता पायी जाती है जैसे कि सल्फर, फास्फोरस आदि जिन्हें अलग नही किया जा सकता है। निश्चित तापमान पर गरम करने एवं तेल या पानी में ठण्डा करने पर यह कठोर एवं टेम्पर्ड हो जाता है।

निम्नलिखित विधियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टील बनाये जाते हैं।

1 सीमेंटेशन प्रक्रिया (Cementation process)

2 क्रूसिबल प्रक्रिया (Crucible process)

3 बेसमर प्रक्रिया (Bassemer process)

4 खुला चुल्हा प्रक्रिया (Open hearth process)

5 इलेक्ट्रों थर्मों प्रक्रिया (Electro thermo process)

6 उच्च आवृति प्रक्रिया (High frequency process)

11.13 स्टील के मुख्य प्रकार (Main types of steel)

स्टील के मुख्यतः दो प्रकार हैं :

1 सादा स्टील (Plain steel)

2 मिश्र धातु स्टील (Alloy steel)

1 सादा स्टील (Plain steel) : इसमें कार्बन एवं लोहा मिलाये जाते हैं। कार्बन के प्रतिशत के तहत सादे स्टील के निम्न प्रकार हैं :

A निम्न कार्बन स्टील (Low carbon steel)

Copyright Free Under CC BY Licence

B मध्य कार्बन स्टील (Medium carbon steel)

C उच्च कार्बन स्टील (High carbon steel)

A निम्न कार्बन स्टील (Low carbon steel) : इसे हल्का स्टील भी कहते हैं। इसमें कार्बन का प्रतिशत 0.15% से 0.25% तक हाता है। कार्बन की कम मात्रा के कारण यह पर्याप्त नरम होता है और तनाव को बर्दाश्त करता है। फोर्जिंग और रोलिंग के द्वारा इसे विभिन्न आकृतियों में ढ़ाला जा सकता है यह इतना अधिक कठोर एवं सख्त नहीं होता है। इसे सामान्य विधि द्वारा कठोर यह टैम्परड नहीं किया जा सकता। नट, बोल्ट, रिविट शीट, वायर, T-लोहा और कोण लोहा आदि इससे बनते हैं।

B मध्यम कार्बन इस्पात (Medium carbon steel) : इसमें कार्बन की दर 0.25% से 0.5% तक होती है। कार्बन की अधिक मात्रा के कारण यह हल्के स्टील के मुकाबले अधिक कठोर एवं सख्त होता है। इसमें मजबूती अधिक होती है। यह टेम्परिंग और हार्डनिंग में प्रयुक्त होता है । इसको फोर्ज और रोल करके विभिन्न वस्तुएँ बनती हैं । यह तन्य ट्यूब, वायर, कृषि, उपकरण, जोड़ने के रॉड, कैम साफ्ट, स्पेनर, चरखी आदि बनाने में उपयोगी है।

